e-paper : www.dailynewsactivist.com लखनऊ, सोमवार, 13 मार्च 2023, चैत्र मास कृष्ण पक्ष षष्ठी, संवत् 2078 विक्रमी
वर्ष-16, अंक-146, पृष्ठ-12, मूल्य- ₹ 2.00, नगर संस्करण
DNA
डेली न्यूज़ ऐक्टिविस्ट
शब्द शब्द संघर्ष
RNI NO.: UPHIN/2007/41802 संस्करण : लखनऊ
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक website : www.dnahindi.com डाक पंजीयन : एसएसपी/एल.डब्लू./एन.पी.-358/2016-18

डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने सर्वोटेक पावर सिस्टम्स के स्टॉल का किया उदघाटन

लखनऊ। लीडिंग ईवी चार्जर और सोलर सोल्यूशन्स निर्माता सर्वोटेक पावर सिस्टम्स लि. इंडिया इंडस्ट्रीज एसोसिएशन से आयोजित इंडिया सोलर एंड ईवी एक्सपो में अपने अत्याधुनिक ईवी चार्जर्स और सौर उत्पादों का प्रदर्शन कर रहे हैं। इस एक्सपो में सर्वोटेक के स्टॉल का उदघाटन उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने किया। उन्होंने सोलर और ईवी चार्जिंग सॉल्यूशंस के लिए अपनी उत्पाद लाइन का विस्तार करने में सर्वोटेक पावर द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना की। वहीं परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह भी उदघाटन के समय उपस्थित रहे। सर्वोटेक के संस्थापक और एमडी रमन भाटिया ने कहा कि मैं इंडिया इंडस्ट्रीज एसोसिएशन का धन्यवाद करता हूं कि हमारे लिए इंडिया सोलर ईवी एक्सपो जैसा प्लेटफार्म दिया। यह एक्सपो इंडिया इंडस्ट्रीज एसोसिएशन ग्राउंड में आयोजित की जा रही है जो 4 मार्च तक चलेगी।